प्रेषक,

शिव कुमार–द्वितीय,
अपर जनपद न्यायाधीश,
न्यायालय सं–2,बलिया।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

विषयः पुनः स्थानान्तरण करने के सम्बन्ध में प्रत्यावेदन।

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी का स्थानान्तरण माननीय उच्च न्यायालय,इलाहाबाद के आदेश Notification No 1357 Admin (Services)2019 Date 10-04-2019 के अनुपालन में जनपद मऊ से जनपद मथुरा में सचिव (पूर्णकालिक),जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मथुरा के पद पर हुआ था,जिसका पदभार प्रार्थी द्वारा दिनांक 17.04.2019 को ग्रहण कर लिया गया। परन्तु प्रार्थी का पदोन्नति Notification No 3580/ Admin (Services)/2019 Date 22-10-2019 के अनुपालन में अपर जनपद न्यायाधीश बलिया के पद पर की गई है,जिसका पदभार प्रार्थी द्वारा दिनांक 30.10.2019 को पूर्वान्ह में ग्रहण कर लिया गया है।

माननीय महोदय को विन्रम निवेदन के साथ अपनी समस्या से अवगत कराना चाहता हूँ कि प्रार्थी शिव कुमार–द्वितीय द्वारा जनपद मऊ में तीन वर्ष पूर्ण करने के पश्चात जनपद मथुरा में स्थानान्तरित होकर दिनांक 17.04.2019 को पदभार ग्रहण किया था। प्रार्थी ने अपने पुत्र यशदीप सिंह का कक्षा 10 में सी.बी.एस.सी.बोर्ड सेन्ट डॉमिनिक्स स्कूल मथुरा में प्रवेश कराया है,जिसकी परीक्षा तिथि नियत हो चुकी है तथा प्रार्थी ने अपनी पुत्री कु0 अमृता सिंह को जी.एल.ए.विश्वविद्यालय,मथुरा में बी.ए.एल.एल.बी. 5 वर्ष कोर्स हेतु प्रवेश दिलाया है। प्रार्थी की पत्नी श्रीमती मीना का शरीर के आन्तरिक भाग का ईलाज चल रहा है। इन पारिवारिक सदस्यो की देखभाल की जिम्मेदारी मेरे ऊपर है। मथुरा जनपद से जनपद बलिया की दूरी लगभग 800 किलोमीटर से अधिक है। इनकी देखभाल करने वाला अन्य कोई नहीं है। मेरा गृह जनपद औरैया है तथा मेरी मॉ अत्यन्त वृद्व है,उनकी देखभाल भी मै स्वयं करता हूँ।

अतः श्रीमान्‌जी से विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी अपने गृह जनपद औरैया से 600 किलोमीटर दूरी पर जनपद मऊ से इसी वर्ष आया है तथा प्रार्थी को मऊ के निकट बलिया जनपद 800 किलोमीटर से अधिक दूरी होने पर स्वयं व परिवार के प्रतिनिधियों को बहुत कष्ट होगा एवं बच्चो की पढ़ाई–लिखाई बाधिक होगी। ऐसी स्थिति में प्रार्थी का स्थानान्तरण जनपद मथुरा में अपर जिला जज पद रिक्त होने पर कर दिया जाये या जनपद मथुरा के आस –पास निकट स्टेशन दे दिया जाये तो माननीय महोदय की अति कृपा होगी। प्रार्थी स्थानान्तरण भत्ता व स्थानान्तरण अवकाश का क्लेम नही करेगा।

ससम्मान

दिनांक

प्रार्थी

31.10.2019

(शिव कुमार–द्वितीय)
अपर जनपद न्यायाधीश,
न्यायालय सं–2,बलिया।
आई.डी.सं.U.P.Z 6100

संलग्नक

1–पुत्री कु0 अमृता सिंह का विश्वविद्यालय का प्रमाणपत्र
2–पुत्र यशदीप का स्कूल का प्रमाणपत्र
3–पत्नी श्रीमती मीना की मेडिकल रिपोर्ट